*संपादकीय*

# बच निकलना ही बेहतर

**अपेक्षित यह है कि स्वदेश लौटने के लिए जो भारतीय तैयार होते हैं, उन्हें यहां लाने में भी पूरी मदद की जाए। यूक्रेन में जो हालात हैं, उसके बीच एक-एक व्यक्ति का जल्द और सुरक्षित वहां से निकल जाना आसान नहीं लगता।**

**भारत सरकार ने यूक्रेन में रहने वाले भारत के नागरिकों को उचित सलाह दी है। यूक्रेन में जैसे हालात बन रहे हैं, उनके बीच किसी के लिए भी वहां से जल्द निकल जाना ही ठीक है। यही बात भारत सरकार ने कही है। अपेक्षित यह है कि स्वदेश लौटने के लिए जो भारतीय तैयार होते हैं, उन्हें यहां लाने में भी पूरी मदद की जाए। यूक्रेन में जो हालात हैं, उसके बीच एक-एक व्यक्ति का जल्द और सुरक्षित वहां से निकल जाना आसान नहीं लगता। रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों से यूक्रेन का इन्फ्रास्ट्रक्चर बुरी तरह तबाह हो चुका है। खुद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदोमीर जेलेन्स्की ने कहा है कि देश के 30 फीसदी बिजली संयंत्र बर्बाद हो गए हैं। इस वजह से बताया जाता है कि यूक्रेन के लगभग 1100 से शहर और कस्बे अंधकार में डूब गए हैं। इस बीच तमाम संकेत हैं कि लड़ाई और तेज होगी।**

**रूस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन ने उन चार इलाकों में मार्शल लॉ लगाने का एलान किया है, जिन्हें हाल में हाल में रूस ने खुद में मिला लिया था। इसका मतलब यह निकाला गया है कि उन इलाकों में जमीनी लड़ाई तेज होने वाली है। पुतिन ने यूक्रेन पर आतंकवादी तौर तरीकों के इस्तेमाल का भी आरोप लगाया है। पुतिन ने कहा- वे हमारे इलाके में तोडफ़ोड़ करने वाले समूहों को भेज रहे हैं। तो अब रूस जवाबी कार्रवाई करने का दावा कर रहा है। रूसी मार्शल लॉ के तहत सरकार को ज्यादा ताकत मिल जाती है कि वह सेना को मजबूत करने के साथ ही कर्फ्यू, लोगों की गतिविधियों पर पाबंदी, सेंसरशिप और विदेशी नागरिकों के प्रवेश पर रोक भी लगा सकती है। मिसाइल और ड्रोन हमलों के भी जारी रहने की संभावना है। कई देश यूक्रेन की राजधानी कीव से अपने राजनयिकों और नागरिकों को निकाल चुके हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि भारत भी ऐसा करे। कुछ समय पहले तक रूस वायु हमलों या मिसाइल या ड्रोन हमलों से बच रहा था। लेकिन हाल में बदले हालात के बीच उसने अपना यह संयम तोड़ दिया है।**

# नीदरलैंड्स को हराकर टॉप पर पहुंचा भारत : सेमीफाइनल की राह हुई आसान

**सिडनी।** भारत ने गुरुवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर खेले गए मुकाबले में नीदरलैंड्स को 56 रन से हराकर आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2022 में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 2 विकेट पर 179 रन का स्कोर बनाया और फिर नीदरलैंड्स को 20 ओवर में 9 विकेट पर 123 रन पर रोक दिया। इस जीत के बाद टीम इंडिया अब टी20 वर्ड कप 2022 में सुपर-12 के ग्रुप-2 के प्वाइंट्स टेबल में पहले स्थान पर पहुंच गई है। भारत के दो मैचों से चार अंक हो गए हैं और उसके नेट रन रेट में जबरदस्त फायदा हुआ है। भारत का नेट रन रेट +1.425 का हो गया है। साउथ अफ्रीका तीन अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है। आइये टीम इंडिया की इस जीत के पांच बड़ी बातों पर एक नजर डालते हैं।



1. शुरुआती झटके के बाद रोहित का अर्धशतक

टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी भारत को 11 के स्कोर पर ही केएल राहुल (9) के रूप में पहला झटका लग गया। इसके बाद रोहित ने विराट कोहली के साथ मिलकर अर्धशतकीय साझेदारी की। इस दौरान रोहित ने 39 गेंदों पर 4 चौके और तीन छक्के की मदद से 53 रन की अर्धशतकीय पारी खेली।

2. कोहली और रोहित के बीच अर्धशतकीय साझेदारी

कप्तान रोहित ने कोहली के साथ मिलकर 56 गेंदों पर 73 रन की अर्धशतकीय साझेदारी की। रोहित के बाद कोहली ने भी अपनी फिफ्टी पूरी की। इस साझेदारी की बदौलत भारत शुरुआती झटके से बाहर निकलने में सफल रहा। कोहली ने 44 गेंदां पर 3 चौके और दो छक्के के सहारे नाबाद 62 रन बनाए।

3. सूर्यकुमार की तूफानी फिफ्टी

रोहित के आउट होने के बाद सूर्यकुमार ने कोहली के साथ मिलकर केवल 48 गेंदों पर 95 रनों की अविजित साझेदारी की। इस दौरान सूर्यकुमार ने केवल 25 गेंदों पर तेजतर्रार पारी की बदौलत नाबाद 51 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने 25 गेंदों पर सात चौके और एक छक्का लगाया। सूर्यकुमार ने ये रन 204.00 के स्ट्राइक रेट से बनाए।

4. भुवी ने नीदरलैंड्स को दिए शुरुआती झटके

180 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड्स को शुरुआत में ही दो झटके दे दिए। भुवी ने पहला ओवर मेडन रखते हुए अपने अगले ओवर में विक्रमजीत सिंह को चलता कर दिया। भुवी T20I में आठ मेडन ओवर फेंकने वाले जसप्रीत बुमराह के दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मुकाबले में दो मेडन ओवर फेंके।

5. अक्षर पटेल की किफायती गेंदबाजी

भुवी के बाद अक्षर पटेल पावरप्ले में गेंदबाजी करने आए और उन्होंने टीम को सफलता दिला दी। पिछले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ एक ओवर में 21 लुटाने वाले अक्षर ने इस मुकाबले में कमाल की गेंदबाजी की। उन्होंने अपने चार ओवर में केवल 18 रन दिए और दो विकेट चटकाए।

# विराट कोहली ने की आईसीसी रैंकिंग में टॉप 10 में की वापसी



**दुबई।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने मेलबर्न में पाकिस्तान के खिलाफ 82 रनों की शानदार पारी खेली थी, जिसका सीधा फायदा उन्हें आईसीसी टी20 रैंकिंग में हुआ है। 33 वर्षीय विराट कोहली टी20 बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल हो गए। इस पारी के दम पर कोहली पांच पायदान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। विराट के 635 पॉइंट है। लिस्ट में पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान (849 रेटिंग अंक) शीर्ष स्थान पर काबिज हैं जबकि न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (831) तीन पायदान चढक़र सूर्यकुमार यादव की जगह दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। कॉनवे ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 58 गेंदों पर नाबाद 92 रन की पारी खेली थी जिससे न्यूजीलैंड ने मौजूदा चैंपियन को 89 रन से हराया था। सूर्यकुमार के 828 रेटिंग अंक हैं और उन्हें एक पायदान का नुकसान हुआ है, जिसके बाद वो तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। उनके बाद पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम (799) और दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्कराम (762) का नंबर आता है। भारत के कप्तान रोहित शर्मा रैंकिंग में 16वें और केएल राहुल 18वें पायदान पर है। टी20 क्रिकेट में 11 हजार रन बनाने की उपलब्धि हासिल करने वाले विराट पहले भारतीय बल्लेबाज है। बता दें विराट के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा हैं। विश्व टी20 क्रिकेट में 11 हजार रन बनाने की सूची में विराट चौथे नंबर पर है। आईसीसी ने गेंदबाजी की रैंकिंग भी जारी की है, जिसमें अफगानी स्पिनर राशिद खान पहले स्थान पर और ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड दूसरे पर है। ऑलराउंडर रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ी हार्दिक पांड्या तीसरे स्थान पर आ गए है। उन्हें तीन स्थान का फायदा हुआ है।

# भारतीय टीम की भोजन की समस्या सुलझायेगा बीसीसीआई : गांगुली

**कोलकाता।** बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने बुधवार को भारतीय क्रिकेट टीम के कुछ सदस्यों द्वारा सिडनी में अभ्यास सत्र के बाद टी20 विश्व कप आयोजकों द्वारा परोसा गया भोजन करने से इनकार के मामले को ज्यादा तूल नहीं दिया। भारतीय खिलाडिय़ों को मंगलवार को अभ्यास सत्र के बाद ठंडे सैंडविच और फ लाफेल परोसे गए थे जिन्हें खाने से कुछ ने इनकार कर दिया। उन्होंने होटल लौटकर भोजन करना बेहतर समझा। भारतीय टीम बृहस्पतिवार को नीदरलैंड से खेलेगी। गांगुली ने यहां कलकत्ता खेल पत्रकार क्लब पर पत्रकारों से बातचीत में कहा ,'' मुझे यकीन है कि बीसीसीआई इसका हल निकाल लेगा।'' गांगुली ने यहां राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं सौरव घोषाल और अचिंता शेउली सेत बंगाल के अन्य खिलाडिय़ों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा ,'' यह पुरस्कार खिलाडिय़ों की साल भर की मेहनत का नतीजा है।

# टी-20 वर्ल्ड कप में बड़ा उलटफेर, डकवर्थ लुईस सिस्टम से आयरलैंड ने इंग्लैंड को दी मात



**मेलबर्न।** कप्तान एंडी बालबर्नी के अर्धशतक और जोश लिटिल की शानदार गेंदबाजी के अलावा बारिश की कृपा से आयरलैंड ने टी20 विश्वकप के सुपर 12 के मैच में बुधवार को यहां इंग्लैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति के आधार पर पांच रन से पराजित कर एक और बड़ा उलटफेर किया। दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज को बाहर का रास्ता दिखा कर सुपर 12 में जगह बनाने वाली आयरलैंड की टीम पहले बल्लेबाजी का न्यौता पाने पर 19.2 ओवर में 157 रन पर आउट हो गई। इसके जवाब में इंग्लैंड ने जब 14.3 ओवर में पांच विकेट पर 105 रन बनाए थे तो बारिश आ गई जिसके कारण आगे खेल नहीं हो पाया।

इंग्लैंड को खराब शुरुआत का खामियाजा भुगतना पड़ा। लिटिल (तीन ओवर में 16 रन देकर दो विकेट) ने अपने पहले दो ओवरों में ही कप्तान जोश बटलर (शून्य) और एलेक्स हेल्स (सात) को पवेलियन भेज दिया था जिसने आखिर में अंतर पैदा किया। बेन स्टोक्स (छह) पावर प्ले में आउट होने वाले तीसरे बल्लेबाज थे। उन्हें फियोन हैंड ने बोल्ड किया। डाविड मलान ने 37 गेंदों पर 35 रन बनाए लेकिन बैरी मैकार्थी ने उन्हें आउट करके इंग्लैंड को बड़ा झटका दिया। जब मोईन अली (12 गेंदों पर 24) इंग्लैंड की उम्मीद जगा रहे थे तभी बारिश आ गई। डकवर्थ लुईस पद्धति के अनुसार इंग्लैंड तब पांच रन पीछे था। आयरलैंड की तरफ से बालबर्नी ने 47 गेंदों में 62 रन की पारी खेली जो उनका टी20 विश्व कप में पहला और कुल आठवां अर्धशतक है। उन्होंने लोरकान टकर (27 गेंदों पर 34 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की। आयरलैंड की यह विश्व कप में इंग्लैंड पर दूसरी जीत है। इससे पहले उसने 11 साल पहले वनडे विश्व कप में इंग्लैंड को हराया था। कुल मिलाकर आयरलैंड की इंग्लैंड पर यह तीसरी जीत है। उसने दो बार वनडे में अपने इस प्रतिद्वंदी को हराया है। आयरलैंड की इस जीत से ऑस्ट्रेलिया का रास्ता खुल गया है क्योंकि ग्रुप में छह में से पांच टीमों के अब दो-दो अंक हैं।

# तान्हाजी के बाद फिर अजय देवगन के साथ नजर आ सकते हैं शरद केलकर

हाल में अभिनेता अजय देवगन को उनकी फिल्म तान्हाजी के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। 2020 में आई इस फिल्म में अजय के साथ-साथ टीवी अभिनेता शरद केलकर ने भी अपनी छाप छोड़ी थी। अब ये दोनों फिर से एक प्रोजेक्ट में साथ नजर आने वाले हैं। शरद ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया है कि वे दोनों किसी खास प्रोजेक्ट के लिए हाथ मिलाने वाले हैं।

पहले चर्चा चली थी कि शरद अजय की फिल्म भोला में नजर आएंगे।



शरद ने बताया कि वह इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा, "हम कुछ योजना बना रहे हैं। एक प्रोजेक्ट में हम दोनों साथ आने वाले थे, लेकिन मुझे लगता है कि हमलोग का शेड्यूल मेल नहीं खा रहा है। मुझे लगता है कि शायद हम अगले साल एक प्रोजेक्ट पर काम करेंगे।"

तान्हाजी के अलावा अभिनेता शरद और अजय भुज: द प्राइड ऑफ इंडिया और बादशाहो जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। भुज पिछले साल 13 अगस्त को डिज्नी+ हॉटस्टार पर आई थी। इसका निर्देशन अभिषेक दुधैया ने किया था। बादशाहो 2017 में आई एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन मिलन लुथरिया ने किया था। इलियाना डिक्रूज, इमरान हाशमी, विद्युत जामवाल और संजय मिश्रा इस फिल्म का हिस्सा थे।

शरद के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्होंने आदिपुरुष के लिए प्रभास के साथ हाथ मिलाया है। उन पर फिल्म के हिंदी वर्जन को डब करने की जिम्मेदारी दी गई है। इससे पहले भी उन्होंने बाहुबली फ्रेंचाइजी के लिए अपनी आवाज दी थी। वह आगामी फिल्म हर हर महादेव में छत्रपति शिवाजी महाराज के कमांडर बाजी प्रभु देशपांडे की भूमिका निभाएंगे। यह फिल्म 25 अक्टूबर को रिलीज होने के लिए तैयार है।

सात फेरे, दूरदर्शन के सीरियल आक्रोश और सीआईडी स्पेशल ब्यूरो में शरद ने छोटे पर्दे पर खूब लोकप्रियता बटोरी।

# मार्क रोली के साथ अंतरराष्ट्रीय फिल्म द आई में नजर आएंगी श्रुति हासन

बॉलीवुड से लेकर साउथ की फिल्मों में अभिनेत्री श्रुति हासन का जलवा देखने को मिला है। अब उनके खाते में एक अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट जुड़ गया है। वह अंतरराष्ट्रीय फिल्म द आई में नजर आने वाली हैं। इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म में उनके साथ हॉलीवुड अभिनेता मार्क रोली भी दिखाई देंगे। डेफने श्मोन इस प्रोजेक्ट के निर्देशन का काम संभाल रही हैं। श्रुति ने खुद सोशल मीडिया पर इस प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारी शेयर की है।

श्रुति ने इंस्टाग्राम पर डेडलाइन की रिपोर्ट शेयर की है, जिसमें उनके इस हॉलीवुड फिल्म के बारे में जानकारी दी गई है। वह इस फिल्म में द लास्ट किंगडम फेम मार्क के अपोजिट भूमिका में दिखाई देंगी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, एक प्यारी टीम के साथ द आई का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं। उन्होंने इस फिल्म का हिस्सा बनाने के लिए मेकर्स के प्रति भी आभार जताया है।

ग्रीक प्रोडक्शन कंपनी अर्गोनॉट्स प्रोडक्शंस और फिंगरप्रिंट मिलकर इस फिल्म का निर्माण कर रही है।



खबरों की मानें तो फिल्म की शूटिंग इस महीने के अंत में एथेंस और कोर्फू में शुरू होगी। एमिली कार्लटन ने इसकी पटकथा लिखी है। श्रुति और मार्क के अलावा इस फिल्म में अन्ना सव्वा, लिंडा मार्लो और क्रिस्टोस स्टरगियोग्लू जैसे सितारे भी नजर आएंगे। फिलहाल इस फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की कहानी 1980 की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसकी कहानी एक युवा विधवा महिला पर केंद्रित है, जो उस द्वीप पर वापस जाती है, जहां उसके पति की मृत्यु हो गई थी। बता दें कि यह श्रुति का दूसरा हॉलीवुड प्रोजेक्ट है। वह इससे पहले टीवी सीरीज ट्रेडस्टोन में नजर आई थीं। कई अंतरराष्ट्रीय सितारों से सजी यह एक्शन फिक्शन सीरीज 2019 में रिलीज हुई थी।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। अगर आपका धन से जुड़ा कोई मामला कोर्ट-कचहरी में अटका था तो आज उसमें आपको विजय मिलने की उम्मीद है और आपको धन लाभ हो सकता है। मातापिता या घर वालों के साथ समय बिताने का समय मिलेगा।

***वृष :*** आज का दिन ख़ुशियों से भरा रहेगा, क्योंकि आपका जीवन-साथी आपको ख़ुशी देने का हर प्रयास करेगा। आप घूमने-फिरने और पैसे ख़र्च करने के मूड में होंगे। अगर आप अपने काम पर ध्यान दें तो क़ामयाबी और प्रतिष्ठा आपकी होगी।

***मिथुन :*** आर्थिक दृष्टि से आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आपकी सबसे बड़ी पूंजी आपकी हँसने-हँसाने की शैली है, अपनी बीमारी को ठीक करने के लिए इसका उपयोग करके देखें। आपको कड़ी मेहनत करनी होगी।

***कर्क :*** आज मौज-मस्ती की यात्राएं और सामाजिक मेलजोल आपको ख़ुश रखेंगे और सुकून देंगे। जीवन की गाड़ी को अच्छे से चलाना चाहते हैं तो आज आपको पैसे की आवाजाही पर विशेष ध्यान देना होगा। आज आपको दूसरों की ज़रूरतों पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए।

***सिंह :*** आज व्यस्त दिन के बावजूद आपकी सेहत पूरी तरह दुरुस्त रहेगी। आर्थिक तौर पर सुधार तय है। आपकी ज्ञान की प्यास आपको नए दोस्त बनाने में मददगार साबित होगी। जो काम आपने किया है, उसका श्रेय किसी और को न ले जाने दें।

***कन्या :*** आज सेहत बढिय़ा रहेगी। अगर आप लम्बे वक़्त के लिए निवेश करें, तो अच्छा-ख़ासा फ़ायदा हासिल कर सकते हैं। बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान लगाने और भविष्य के लिए योजना बनाने की ज़रूरत है।

***तुला :*** आज आप खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तन्दुरुस्त बनाए रखेगा। विवाहित दंपत्तियों को आज अपनी संतान की शिक्षा पर अच्छा खासा धन खर्च करना पड़ सकता है।

***वृश्चिक :*** आज कारोबारियों को उन सदस्यों से दूर रहना चाहिए जो आपसे पैसा मांगते हैं और फिर लौटाते नहीं हैं।बाहरी खेल आपको आकर्षित करेंगे- ध्यान और योग आपको फ़ायदा पहुँचाएंगे।

***धनु :*** आज कोई अच्छी ख़बर मिल सकती है। आपका धन कहां खर्च हो रहा है इसपर आपको नजर बनाए रखने की जरुरत है नहीं तो आने वाले समय में आपको परेशानी हो सकती है।

***मकर :*** आज सूझ-बूझ से आप अतिरिक्त धन कमाएंगे। दूसरों की इच्छाएँ आपकी अपना खय़ाल रखने की इच्छा से टकराएगी- अपने जज़्बात को बांधे नहीं और वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले।

***कुंभ :*** आपका ऊर्जा-स्तर ऊँचा रहेगा। नया आर्थिक क़रार अंतिम रूप लेगा और धन आपकी तरफ़ आएगा। बच्चे आपको घरेलू काम-काज निबटाने में मदद करेंगे। इसे महसूस करें।

***मीन :*** आपका व्यक्तित्व आज इत्र की तरह महकेगा और सबको आकर्षित करेगा। जो लोग अब तक पैसे को बिना वजह ही उड़ा रहे थे आज उन्हें अपने आप पर काबू रखना चाहिए और धन की बचत करनी चाहिए।

# नंदामुरी बालकृष्ण की फिल्म का शीर्षक वीरा सिम्हा रेड्डी

निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी की बहुप्रतीक्षित फिल्म, जिसमें अभिनेता नतासिम्हा नंदामुरी बालकृष्ण मुख्य भूमिका में हैं, का शीर्षक वीरा सिम्हा रेड्डी रखा गया है। फिल्म को अब तक अस्थायी रूप से एनबीके107 के रूप में संदर्भित किया जा रहा था। कुरनूल में कोंडा रेड्डी बुरुजू पर शीर्षक लॉन्च करने का विकल्प चुनते हुए, निर्माताओं ने एक 3 डी पोस्टर के माध्यम से शीर्षक जारी किया।



शीर्षक ने फिल्म प्रेमियों में रुचि दिखाई है, कुछ ने इंगित किया है कि बालकृष्ण की अधिकांश फिल्में जिनके शीर्षक में सिम्हा शब्द है, वे बड़ी ब्लॉकबस्टर रही हैं। शीर्षक की घोषणा करने के लिए निर्माताओं ने जो पोस्टर जारी किया वह बालकृष्ण को एक कमांडिंग मुद्रा में प्रस्तुत करता है। लुंगी पहने बालकृष्ण को एक मील के पत्थर पर एक पैर रखते हुए देखा जाता है, जिस पर लिखा होता है, पुलिचेरला 4 किमी। उसके बगल में एक विशेष रूप से डिजाइन किया गया हथियार है, जिससे यह आभास होता है कि फिल्म में आदमी का चरित्र एक बड़े शिकार पर है।

श्रुति हासन इस परियोजना में प्रमुख महिला की भूमिका निभा रही हैं, जिसे मैथरी मूवी मेकर्स द्वारा भव्य पैमाने पर बनाया जा रहा है। फिल्म में दुनिया विजय और वरलक्ष्मी सरथकुमार भी हैं। संगीत सनसनी एस थमन, जो देर से शानदार फॉर्म में हैं और जिन्होंने अपनी पिछली फिल्मों में बालकृष्ण और गोपीचंद मालिनेनी दोनों को ब्लॉकबस्टर एल्बम दिए हैं, वीरा सिम्हा रेड्डी का संगीत दे रहे हैं।

# चिरंजीवी ने फिल्म मेगा154 के लिए शूट किया एक्शन सीक्वेंस

निर्देशक बॉबी (के. एस. रवींद्र) की एक्शन एंटरटेनर फिल्म जिसका शीर्षक अस्थायी रूप से मेगा154 है और इसमें अभिनेता चिरंजीवी और रवि तेजा मुख्य भूमिका में हैं, एक एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग में व्यस्त हैं। यूनिट के करीबी सूत्रों ने कहा कि, फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में तेज गति से चल रही है और टीम भारी एक्शन सीक्वेंस को तैयार करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

मास महाराजा रवि तेजा इस फिल्म में दमदार और लंबी भूमिका निभाते नजर आएंगे, जिसका टाइटल टीजर 24 अक्टूबर को दीपावली के लिए रिलीज किया जाना है। फिल्म को 2023 में संक्रांति के लिए स्क्रीन पर हिट करने के लिए निर्धारित किया गया है और शेड्यूल के अनुसार काम चल रहा है। रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद ने इस प्रोजेक्ट के लिए संगीत दिया है। श्रुति हासन फिल्म में चिरंजीवी के साथ प्रमुख महिला की भूमिका निभा रही हैं, जो सभी व्यावसायिक सामग्रियों से भरपूर एक मास-एक्शन एंटरटेनर है।

# बनाएं जिमीकंद की सब्जी, खाना होता है शुभ

आपने बुजुर्गों से सुना होगा कि दिवाली पर जिमीकंद की सब्जी खाना शुभ होता है। दरअसल मान्यता है कि दिवाली के दिन जिमीकंद खाने से हमें स्वास्थ्य लाभ मिलता है। आइए जानते हैं, इसे बनाने की विधि।



## सामग्री :

500 ग्राम जिमीकंद, 4 बड़े चम्मच सरसों का तेल, 2 कटी हुई टमाटर, 4 कटे हुए प्याज, एक छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, नींबू का रस, 1 चम्मच अदरक-लहसुन का पेस्ट, 4 कटी हुई हरी मिर्च, 1 छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, 1 चम्मच धनिया पाउडर, 1 चम्मच गरम मसाला पाउडर, 1/2 चम्मच मिर्च पाउडर

## विधि :

- सबसे पहले जिमीकंद को टुकड़ों में काटकर, उबाल लें।
- उबालने के बाद इन टुकड़ों को तेल में फ्राई कर लें।
- अब एक कड़ाई गर्म करें, उसमें तेल डालें। अब कटी हुई, मिर्च, प्याज, टमाटर डालकर भून लें।
- अब इसमें अदरक लहसुन का पेस्ट डालें और भूनें।
- फिर मसालों को डालकर अच्छी तरह भून लें, स्वादानुसार नमक डाल दें।
- अब इसमें फ्राई किए हुए जिमीकंद को डाल दें और ग्रेवी के लिए आवश्यकतानुसार पानी डाल दें।
- उबाल आने पर गैस बंद कर दें और नींबु के रस डालकर मिला दें।
- तैयार है जिमीकंद की सब्जी।

# शब्द सामर्थ्य- 233

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 232 का हल**



# सू-दोकू- 233

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 232 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |